हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 76 | पटना, बुधवार , 01 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# यह चुनाव संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए: मल्लिकार्जुन खरगे

**रायपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ की एक रैली में कहा यह चुनाव भारत को एकजुट रखने तथा संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। उन्होंने पूछा कि हमने 55 साल शासन किया लेकिन क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना, लोगों को जेल में डालने के लिए ईडी का दुरूपयोग किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और उनके लोग कहते रहते हैं कि हमें 400+ बहुमत दीजिए, क्यों? गरीब लोगों, अनुसूचित जनजातियों या पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए नहीं, यह किसानों सहित इन सभी समुदायों के अधिकारों को समाप्त करना है।



खड़गे ने कहा कि उनके (बीजेपी और आरएसएस) लोग कहते रहते हैं कि अगर उन्हें बहुमत मिला तो वे संविधान बदल देंगे। परसों आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि वे संविधान नहीं बदलेंगे या आरक्षण खत्म कर देंगे... उन्होंने ऐसा क्यों कहा, अगर उन्होंने इन चीजों (संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने) के बारे में बात नहीं की होती तो यह विषय सामने नहीं आता। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और बीजेपी के नेता '400 पार' की बात कर रहे हैं। वे 400 पार की बात इसलिए कर रहे हैं ताकि संविधान बदल सकें। इसलिए यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी बहुत छटपटा रहे हैं, उन्हें पता चल गया है कि सत्ता उनके हाथ से फिसल रही है। इसी डर में वे चिड़-चिड़े हो गए हैं और ऊट-पटांग भाषण दे रहे हैं। ढट मोदी अपनी तुलना इंदिरा गांधी जी, राजीव गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी से करते हैं। लेकिन उनके सामने नरेंद्र मोदी कुछ भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के समय BJP के पुरखे गुपचुप तरीके से अंग्रेजों के लिए काम करते थे। वहीं कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान को इतने वर्षों तक मजबूत बनाकर रखा, तभी जाकर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन पाए हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी थी...विदेशों से काला धन वापस लाऊंगा, सबके खाते में 15 लाख रुपए दूंगा, युवाओं को 2 करोड़ नौकरियां दूंगा, किसानों की आमदनी दोगुनी कर दूंगा, देश में बुलेट ट्रेन चलवाऊंगा। लेकिन किया कुछ भी नहीं, क्योंकि वे 'झूठों के सरदार' हैं। उन्होंने कहा कि मेरी अपील है कि आप लोग एक होकर 'हाथ' को वोट दीजिए। क्योंकि हाथ हमेशा आपके साथ रहता है, लेकिन कमल का फूल सुबह तोड़ो, तो शाम में सूख जाता है। उन्होंने कहा कि देश में 55 साल कांग्रेस की सरकार रही, क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना? इसलिए अगर इखढ वाले आपके घर आएं तो उनसे पूछिएगा- कांग्रेस ने देश में गरीबों के लिए कई काम किए हैं, लेकिन बीजेपी ने क्या किया?

## संपादकीय

### राजनीतिक दलों ने गरीबी हटाओ नारे को अपना स्थाई जुमला बना रखा है?

**जयप्रकाश चौधरी**



चुनाव के तत्काल बाद ये गरीब राजनीतिक दलों के नेताओं के मानस पटल से हट भी जाते हैं। याद आना अच्छी बात है, पर हैरानी इस बात की भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी आखिर गरीबी मिट क्यों नहीं रही..? क्यों राजनीतिक दलों ने गरीबी हटाओ नारे को अपना स्थाई जुमला बना रखा है? गरीबी तो हटती नहीं, पर साल-दर-साल गरीबों का गरीबी में ही जरूर नामोनिशां मिट जाता है। चुनावी समर चल रहा है। अभी तो इन गरीबों की भी पौ बारह है। नेता रोज ही इनकी पूजा-अर्चना व भरपेट खाना पहुंचाने में व्यस्त चल रहे हैं। चुनाव से निपटते ही इन गरीबों को फिर से इन्हीं के हाल छोड़ दिया जाएगा। कुल मिलाकर मुफ्तखोरी की आदत डालकर इन गरीबों को गरीब ही बनाए रखने और सालो-साल इन पर राज करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हाल ही में राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र जारी हुए हैं। जोर-शोर से आगामी पांच साल में गरीबों के भूखे पेट का उपचार करने की बात की जा रही है। इससे ज्यादा तो कुछ होगा भी नहीं। जब साढ़े सात दशक में भी नहीं हो पाया तो अब क्या उम्मीद की जा सकती है। केवल गरीबी हटाने ही नहीं, हर बार लाखों नौकरियां देने के वादे भी किए जाते रहे हैं। ये बात अलग है कि पांच साल बाद भी हालात जस के तस ही रहते हैं और फिर शुरू हो जाता है जुमलों का दौर। इससे भी दुःखद तो ये है कि आजादी के बाद से लोगों को पानी, बिजली, सड़क, उच्च शिक्षा व बेहतर चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के भी वादे किए जाते रहे हैं। इसके उलट आजादी के 77 साल बाद भी देश में ऐसे कई शहर व गांव मिल जाएंगे, घटिया सीवरेज व्यवस्था के कारण बरसात के दिनों में शहरों में लोग कई-कई दिनों तक पानी से घिरे घरों में कैद रहते हैं। पीने को पर्याप्त पानी नहीं मिलता। कई गांवों में यातायात के साधन तक नहीं पहुंच पाए हैं। देश की सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहर के लोग जब पेयजल संकट के भयानक हालात से जूझ रहे हैं तो दूरदराज के गांवों की क्या बात करें।हां, पिछले कुछ सालों में सारे देश में हाई-वे जरूर बने हैं। लिंक रोड से लोगों का आवागमन सुगम हुआ है। पर इसमें भी गरीब तो अभी भी गरीब ही है। उसकी गरीबी का निवारण अभी तक भी नहीं हो पा रहा है। इसमें किसी एक राजनीतिक दल को दोष देने से कुछ होना भी नहीं है। देश में आमूलचूल परिवर्तन की जरूरत है। सालों-साल झूठे वादे करने वालों से बचने की जरूरत है। वैसे भी देश में किसी नागरिक को गरीब कहना किसी गाली से कम नहीं है। गरीब का मतलब केवल निर्धन ही नहीं, बल्कि उन्हें जबरन दरिद्र, कंगाल, दीनहीन, बेचारा, लाचार जैसे शब्दों से नवाजना है। ऐसे में वे जरूरतमंद जरूर हो सकते हैं, पर गरीब तो बिल्कुल नहीं। हमें ये मान लेना चाहिए कि अब देश में जब तक आखिरी इंसान तक रोजगार, पर्याप्त पेयजल, बिजली, जरूरी चिकित्सा व शिक्षा के संसाधन नहीं पहुंच जाते, तब तक विकास की बात करना बेमानी होगी।

## देवेंद्र यादव बने दिल्ली कांग्रेस के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को पार्टी नेता देवेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। यह भी घोषणा की गई कि यादव पंजाब के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी के रूप में अपना पद बरकरार रखेंगे। यह फैसला दिल्ली कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अरविंदर सिंह लवली द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के साथ पार्टी के गठबंधन का हवाला देते हुए रविवार को इस्तीफा देने के ठीक दो दिन बाद आया है।

कांग्रेस ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि माननीय कांग्रेस अध्यक्ष ने देवेन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह पंजाब के लिए एआईसीसी प्रभारी के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे।

लवली ने राज्य में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की पसंद पर अपना असंतोष व्यक्त किया है। लवली ने कहा था कि पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस कमेटी) की गरिमा बनाए रखने की जरूरत है। उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा से पहले, कम से कम अनौपचारिक रूप से, पीसीसी को सूचित किया जाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए खुद को बलिदान कर दिया: शरद पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शहजादा करार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और कहा कि नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए खुद को बलिदान कर दिया। अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए जुन्नार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि मौसम संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे आम लोगों की दुर्दशा को समझने के लिए जमीन पर उतरने के लिए राहुल गांधी की प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए कि



राहुल गांधी, जिन्हें वह शहजादा कहते हैं, की तीन पीढ़ियों ने इस देश की सेवा की है और अपना जीवन बलिदान किया है।

पवार ने कहा, जवाहरलाल नेहरू आजादी से पहले 13 साल तक जेल में रहे थे। बाद में उन्होंने देश को सभी क्षेत्र में आगे ले जाने की दिशा में काम किया और लोकतंत्र का शासन सुनिश्चित किया। राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने गरीबी उन्मूलन के लिए अथक प्रयास किया। इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई। इसके बाद राहुल के पिता राजीव गांधी ने आधुनिकता को अपनाया और इसके लिए काम किया, लेकिन वह भी एक बम धमाके में मारे गये। पवार ने कहा कि राहुल गांधी की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए बड़ा बलिदान दिया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल को शहजादा करार दिया। पवार ने कहा, मौसम संबंधी चुनौती का सामना कर रहे लोगों की कठिनाई को समझने के लिए इस शहजादा ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा (भारत जोड़ो यात्रा) की। सराहना करने के बजाय देश के प्रधानमंत्री ने शहजादा कहकर उनका मजाक उड़ाया।

## राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर महिलाओं को अपमानित करने का लगाया आरोप

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हाल में अपनी कुछ चुनावी रैलियों में महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी ने एक बयान जारी कर प्रश्न किया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी। आप निरंतर महिलाओं की अस्मिता और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक बयान क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा, नीतीश जी, किसी के कपड़ो में झांकने से बेहतर होता कि आप बिहारवासियों की दुख, तकलीफ और परेशानियों को देखते। चाहे सदन हो या सड़क या चुनावी मंच, मुख्यमंत्री सब काम धाम छोड़



कर महिलाएं क्या करती हैं। वे क्यों ऐसा करती हैं। वे क्या खाती हैं। वे क्या ओढ़ती हैं, वे क्या पहनती हैं। वे बच्चे क्यों पैदा करती हैं। बस इन्हीं सब फालतू बातों में वह (कुमार) लगे रहते हैं। राबडी देवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए कहा, बताइए कह रहे हैं कि इनके आने (सत्ता में आने) से पहले आपके घर की महिलाएं, बहन-बेटियां कपड़े ही नहीं पहनती थीं। मुख्यमंत्री जी, यह क्या-क्या कुतर्क गढ़ रहे हैं। राजनीतिक विरोध करना है तो तर्क और तथ्यों से करिए, न कि इस तरह कि जब मन में आया, अपनी अपनी तंग सोच और जुबान से महिलाओं की अस्मिता को ठेस पहुंचा दिया। आप जिम्मेवार पद पर हैं, थोड़ी जिम्मेवारी और मयार्दा का ख्याल रखिए।

## ममता दीदी और भतीजे की विदाई अब सुनिश्चित है: अमित शाह

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल में केंद्रीय गृहमंत्री ने अमित शाह ने कहा कि ममता 'मां माटी और मानुष' के नारे के साथ सत्ता में आई थीं, लेकिन वह पश्चिम बंगाल में माफियाओं की सरकार चला रही हैं। हमारा समर्थन करें, क्योंकि यह केवल नरेंद्र मोदी की सरकार है जो 'सोनार बांग्ला' के सपने को साकार करने में मदद कर सकती है। दीदी और उनका भतीजा अभिषेक, दोनों भाजपा से डरे हुए हैं। ये हमारे नेताओं के होटल बुक नहीं होने देते, उनको गाड़ी नहीं मिलती है। जो होटल बुक होते भी हैं, वो ममता के गुंडे खाली करा देते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि भाजपा का कार्यकर्ता डरने वालों में से नहीं है। ममता दीदी, जितना संत्रास करना है कर लो, आपकी और भतीजे की विदाई अब सुनिश्चित है। ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक दोनों ही बीजेपी से डरे हुए हैं।

इस असुरक्षा के कारण, वे हमारे नेताओं को होटल बुक करने और कार लेने की अनुमति नहीं देते हैं। अगर होटल बुक भी हो जाते हैं तो ममता के गुंडे उन्हें



खाली करा देते हैं। मैं ममता को बताना चाहता हूं कि भाजपा कार्यकर्ता रत्ती भर भी नहीं डरते! ममता कितनी भी कोशिश कर लें, उनकी 'विदाई' तय है! आज पूरे भारत में विकास हो रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल ममता के कुशासन के कारण इससे वंचित है। हमारा समर्थन करें, क्योंकि यह केवल नरेंद्र मोदी की सरकार है जो 'सोनार बांग्ला' के सपने को साकार करने में मदद कर सकती है। आज पूरे भारत में विकास हो रहा है, लेकिन पश्चिम बंगाल ममता के कुशासन के कारण इससे वंचित है। हमारा समर्थन करें, क्योंकि यह केवल नरेंद्र मोदी की सरकार है जो 'सोनार बांग्ला' के सपने को साकार करने में मदद कर सकती है।

संदेशखाली जैसी घटना, दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलती। अपनी वोटबैंक की राजनीति के लिए, घुसपैठियों को संभालने के लिए, एक महिला मुख्यमंत्री की नाक के नीचे सैंकड़ों-हजारों महिलाओं का शोषण करने का काम TMC के नेताओं ने किया है।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, दूसरी बार भी खारिज हुई जमानत याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने अब समाप्त हो चुकी दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 की जांच के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा दायर की गई दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया, सह-आरोपी विजय नायर और अन्य की न्यायिक हिरासत आठ मई तक बढ़ा दी थी। आरोपी व्यक्तियों को पूर्व की उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष



पेश किया गया। बता दें कि ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं। आरोप है कि लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया तथा एल-1 लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना विस्तारित किया गया।

## नौसेना को शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा : एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

**नयी दिल्ली।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय अभियान की दृष्टि से तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है। एडमिरल हरि कुमार चार दशकों के शानदार कॅरियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं जिनमें क्षेत्र में हूती उग्रवादियों द्वारा विभिन्न कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया जाना शामिल है। एडमिरल त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ सालों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय और भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है।

उन्होंने कहा, समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को शांतिकाल में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय परिचालन की दृष्टि से तैयार रहना होगा और यदि कहा जाए तो समुद्र में तथा समुद्र से युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, मेरा एकमात्र ध्यान और प्रयास इस दिशा में होगा। नौसेना प्रमुख ने यह भी



कहा कि आत्म-निर्भरता बढ़ाने के लिए नौसेना के जारी प्रयासों को बढ़ाने पर वह प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा, मैं आत्म-निर्भरता की दिशा में, नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और विकसित भारत के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा में राष्ट्रीय विकास कामहत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वह बल के मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा, मेरी प्राथमिकता हमारे मानव संसाधन का कौशल विकास करने की होगी जो हमारी नौसेना के पुरुष और महिला कर्मी हैं। मेरी प्राथमिकता उन्हें सर्वश्रेष्ठ शस्त्र, प्रशिक्षण, पेशेवर माहौल और प्रशासनिक समर्थन देने की होगी। उन्होंने नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले राष्ट्रीय समर स्मारक पर देश के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख के रूप में प्रभार संभालने से पहले अपनी मां रजनी त्रिपाठी का आशीर्वाद लिया। रीवा के सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी इससे पहले नौसेना के उप प्रमुख का पद संभाल रहे थे।

एडमिरल त्रिपाठी का जन्म 15 मई 1964 को हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। उनका करीब 39 वर्ष का लंबा और उत्कृष्ट कॅरियर रहा है। उन्होंने भारतीय नौसैन्य जहाज विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान भी संभाली है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी को अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और नौसेना पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# मोदी सरकार ने 3 तलाक जैसा अभिशाप बदला, आज मुस्लिम लड़कियां फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं: रविशंकर

**पटना (सवादाता)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज कांग्रेस और राजद के संविधान और आरक्षण समाप्त करने के बयान पर दोनों पार्टियों को घेरते हुए कहा कि वे हताशा में ऐसा बयान दे रहे है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इस कारण वे ऐसा बोल रहे हैं। पटना मीडिया सेंटर में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस और राजद के लोग कह रहे हैं कि भाजपा सरकार में आई तो संविधान बदल देगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार 10 साल से है लेकिन अभी तक संविधान छुआ तक नहीं। दूसरी तरफ एनडीए ने ओबीसी संवैधानिक कमीशन को संवैधानिक दायित्व दिया। यही नहीं तीन तलाक जैसे अभिशाप को बदल दिया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सबल प्रदान किया। यही नहीं दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को सर्वोच्च पद प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम लड़कियां प्लेन उड़ा रही हैं, बॉक्सर बन रही है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस देश में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाई जिसमे से 50 बार पूर्व प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी ने लगाया। उन्होंने कहा कि राममन्दिर आंदोलन के दौर में यूपी ही नहीं




हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में सरकार गिरा दी गयी। उन्होंने कहा कि देश मे आपातकाल लगाया गया। उस दौरान लालू प्रसाद भी जेल गये थे और आज कहते हैं कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि उस दौर में संपादकों को भी प्रताड़ित किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान शाश्वत है, स्थायी और सम्मानीय है। ये हमारा चरित्र है। उन्होंने कहा कि आज संविधान अगर असुरक्षित है तो कांग्रेस और उनके सहयोगी की सोच के कारण है। भाजपा आरक्षण की पक्षधर शुरू से रही है। उन्होंने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण देश मे बना रहेगा, इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने आगे कहा कि आज कर्नाटक में ओबीसी में मुस्लिमो को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो योजनाएं बनती हैं वह किसी एक जाति या धर्म के लिए नहीं बनती। आज मुस्लिम महिलाएं प्लेन उड़ा रही हैं। तीन तलाक समाप्त होने के बाद नया जोश है। यह हमारी सोच है। यह उनकी सोच नहीं हो सकती जो वोटबैंक की राजनीति के लिए योजनाएं तैयार करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज राहुल गांधी संपत्ति सर्वे कराने और क्रांतिकारी फैसले की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर क्या फैसला लेंगे। क्या आप संपत्ति पर हाथ डालेंगे। संपत्ति छीनने की बात कर रहे। राहुल जी अगर आपको संपत्ति लेना ही है तो कहते कि चारा घोटाला, अलकतरा घोटाले की संपत्ति जब्त करते। उन्होंने कहा कि दरअसल, यह राहुल गांधी की अपनी नहीं माओवादी सोच है जो हावी है। इस मामले पर उन्होंने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का स्टैंड भी पूछा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा धार्मिक आधार पर आरक्षण और ओबीसी के अधिकार छीनने का विरोध करेगी।

## जिसे कोई नहीं पूछता, उसे पूजते हैं नरेन्द्र मोदी: सम्राट चौधरी

**पटना (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के रहते एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई नहीं छीन सकता है। कांग्रेस षड़यंत्र कर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी करना चाहती है। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण देने की साजिश कर रही है। चोर दरवाजे से उसने कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया। कांग्रेस की मंशा में ही खोट है।श्री चौधरी ने कहा कि जिन्न बोतल से बाहर आ गया है और देश की जनता कांग्रेस के मंसूबे को अब अच्छी तरह से पहचान गई है। कांग्रेस के साथ राजद भी आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र पर वितंडा खड़ा कर मतदाताओं को भ्रमित करना चाह रहा है। राजद का आरक्षण केवल उसके परिवार तक ही सीमित है। सत्ता परिवार के अंदर रहे, इसलिए लालू यादव ने जेल जाने से पूर्व पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया। बाद के दिनों में भी जब भी मौका मिला बेटों को मंत्री और उपमुख्यमंत्री बनाया। बेटी चुनाव हार गई तो पिछले दरवाजे से उसे राज्यसभा में भेज दिया। श्री चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का मकसद अपनी लूट और भ्रष्टाचार को संरक्षित करना है। सत्ता अपने परिवार तक सीमित रखना है। राजद में कोई कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर जाने की सोच भी नहीं सकता है। जो दल अलोकतांत्रिक तरीके से चल रहा हो, जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में सजायफ्ता हो, कोर्ट द्वारा प्रमाणित भ्रष्टाचारी हो, वह जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करे तो उसे हस्यास्पद ही कहा जायेगा।

## नरेन्द्र मोदी के रहते दलित, पिछड़ों का आरक्षण कोई छीन नही सकता: सम्राट चौधरी



**पटना ( संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के रहते एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई नहीं छीन सकता है। कांग्रेस षड़यंत्र कर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी करना चाहती है। कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए धर्म के आधार पर मुस्लिमों को आरक्षण देने की साजिश कर रही है। चोर दरवाजे से उसने कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया। कांग्रेस की मंशा में ही खोट है। श्री चौधरी ने कहा कि जिन्न बोतल से बाहर आ गया है और देश की जनता कांग्रेस के मंसूबे को अब अच्छी तरह से पहचान गई है। कांग्रेस के साथ राजद भी आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र पर वितंडा खड़ा कर मतदाताओं को भ्रमित करना चाह रहा है। राजद का आरक्षण केवल उसके परिवार तक ही सीमित है। सत्ता परिवार के अंदर रहे, इसलिए लालू यादव ने जेल जाने से पूर्व पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया। बाद के दिनों में भी जब भी मौका मिला बेटों को मंत्री और उपमुख्यमंत्री बनाया।

बेटी चुनाव हार गई तो पिछले दरवाजे से उसे राज्यसभा में भेज दिया। श्री चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का मकसद अपनी लूट और भ्रष्टाचार को संरक्षित करना है। सत्ता अपने परिवार तक सीमित रखना है।

राजद में कोई कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर जाने की सोच भी नहीं सकता है। जो दल अलोकतांत्रिक तरीके से चल रहा हो, जिसका राष्ट्रीय अध्यक्ष भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में सजायफ्ता हो, कोर्ट द्वारा प्रमाणित भ्रष्टाचारी हो, वह जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करे तो उसे हस्यास्पद ही कहा जायेगा। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस की चिन्ता अपनी राजनीतिक विरासत बचाने की है जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को बचाने, आगे बढ़ाने के लिए समर्पित हैं।

# राष्ट्रीय जनता दल का थीम सोंग अपना तेजस्वी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज झा ने राज्य कार्यालय में जारी किया

**पटना (नवशक्ति)।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय कपूर्री सभागार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने राष्ट्रीय जनता दल का थीम सोंग अपना तेजस्वी जारी किया जो निम्नलिखित हैः-

चप्पा चप्पा गूँज उठा है
जन जन का विश्वास जगा है
जनता का रण यही लड़ा है
सुख दुःख में यही साथ खड़ा है

जो भी कहा सो कर के दिखाया
हर एक वादा पूरा निभाया
न्याय किया अधिकार दिलाया
परिवर्तन का अलख जगाया
अपना तेजस्वी, अपना तेजस्वी,
अपना तेजस्वी

इस अवसर पर प्रो मनोज झा ने थीम सॉन्ग जारी करने के बाद विस्तार से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के 17 महीना के कार्यकाल में किए गए कार्यों की चर्चा तो है ही, साथ ही साथ बिहार विकास के लिए जनहित, समाज हित और महिलाओं के हित में किए गए कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए, पर्यटन के क्षेत्र में बिहार को आगे बढ़ाने के अलावा 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था तथा जातीय गणना के माध्यम से लोगों के लिए जो कार्य तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने कार्यकाल में किए हैं, उस पर धन्यवाद दिया गया और उनके संकल्पों तथा कार्यों की भी बातें की गई है।

प्रोफेसर मनोज झा ने आगे कहा कि बीजेपी नौकरी और जनहित के मुद्दों पर चुनाव में कोई चर्चा नहीं कर रही है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर कुठाराघात किया जा रहा है, और किस तरह से बिना चुनाव के ही भाजपा को जीतने के लिए सूरत और इंदौर में विपक्षी दलों के उम्मीदवारी को जबरन नामांकन वापस करवाया जा रहा है इस तरह के असंवैधानिक कार्यों को आज पूरा देश देख रहा है।

भारत के संविधान और संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए अपने हिसाब से भाजपा कार्य कर रही है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। जहां चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सच्चाई को लोगों के सामने लाकर स्पष्ट किया कि किस तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। और आज सूरत और इंदौर के मामले पर भाजपा किस तरह से कार्य कर रही है। इस तरह के कृत्यों से लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का एक साजिश चल रहा है। इन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्रिक व्यवस्था को किस तरह से चलाया जा रहा है इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चर्चा तक नहीं करते हैं। और बिहार आकर वैसी बातें बोलते हैं जो जनता और जनता के हितों में नहीं होता है और अल बल बोलकर मुद्दों से ध्यान भटका देते हैं इन्होंने कहा कि थाली और सौहार्द पर बीजेपी वोट क्यों नहीं मांगती है लोगों के हक और अधिकार देने के प्रति चिंतित क्यों नहीं है। मनरेगा में मानदेय और मजदूरी बढ़ाने पर चर्चा क्यों नहीं की जा रही है। महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा की क्या सोच है यह कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी पार्टी के नेता के पोते के मामले पर भाजपा खामोशी से दिख रहा है। और इस पर प्रधानमंत्री चर्चा नहीं करते हैं की महिलाओं के सम्मान के साथ किस तरह से खिलवाड़ हो रहा है । इन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र की संवैधानिक परंपराओं और मान्यताओं पर भगोड़ा प्रवृत्ति के माध्यम से हमला हो रहा है जबकि संविधान में आम लोगों की जिंदगी, जन सरोकार, लोगों के अधिकार और हक देने की बात बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के किताब से ही मिलती है लेकिन आज इसका किस तरह से हनन किया जा रहा है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। हर मामलों पर प्रधानमंत्री जी लोगों को बरगलाने और झूठ परोसने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री जी अपने 10 वर्षों के कार्यकाल पर कोई चर्चा नहीं करते हैं, लेकिन विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत कर रहे हैं यह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मोदी जी 2014 और 2019 में भाजपा ने जो देश की जनता से वादे किए थे उसको पूरा करने की जगह आपने बरगलाने का काम किया। हर के खाते में 15 लाख डालने की बात की थी, हर साल 2 करोड़ नौकरी की बातें की थी, महंगाई कम करने और महिलाओं के सम्मान की बात भी कही थी, लेकिन उन सब बातों को आप भुलावें में क्यों रखे हुए हैं। देश की जनता सब देख रही है और जनता आपसे जवाब चाहती है। आप जवाब देने की जगह अनर्गल बातें कर रहे हैं। इन्होंने कहा कि देश ने व्यक्ति प्रेम की राजनीति को 10 सालों से देखा है और उस व्यक्ति के सामने भाजपा के नेता मुंह तक नहीं खोलते हैं।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन ने लगाया चौपाल

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुर में किया गया ।फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से



आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में रोहित कुमार,विकाश कुमार, हिमांशु शर्मा समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## चुनावी सभाओं में लोगों को अपने माता-पिता के कुशासन की बात भी बताएं तेजस्वी: मनोरंजन गिरि

**पटना, (नवशक्ति )।** जद(यू) प्रदेश महासचिव एवं मीडिया पैनललिस्ट मनोरंजन गिरी ने बयान जारी कर तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा है कि देश में बिहार ही एक ऐसा राज्य है जहां महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35ः आरक्षण दिया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार में अनुसूचित जाति एवं अतिपिछड़ों के लोगों को पंचायत सहित अनेक क्षेत्रों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है ।उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी ने अपने 18 सालों के शासनकाल में जितना रोजगार और विकास का काम किया, इसका 10ः भी काम लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल में नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लाठी भजावन और तेल पिलावन रैली के अलावा कुछ हुआ हो तो तेजस्वी यादव राज्य की जनता को बताएं। उन्होंने आरजेडी के कुशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में 15 साल तक शासन करने वाले राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं उनके युवराज यह क्यों नहीं बता रहे हैं कि, उनके पिताजी और माताजी के शासनकाल में बिहार किस स्थिति में खड़ा था? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में 17 महीने तक शामिल रहने की चर्चा बार-बार करते हैं, लेकिन अपने माता और पिताजी के 15 साल के शासनकाल को क्यों नहीं बताते हैं? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव चाहे लाख कोशिश कर लें बिहार की जनता अब आपके झांसे में आने वाली नहीं है।

## संक्षिप्त खबर

### भूमि माफियों का आतंक, हथियार के बल पर गृहस्वामी सहित परिवार के लोगों के साथ किया मारपीट

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव मे एक व्यक्ति के घर घुसकर हथियार के बल पर अपराधियों ने सभी गृहस्वामी को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी करते हुए सोने का आभूषण समेत अन्य घरेलू सामाग्री छीनकर चलते बने।

इस मामले मे जख्मी गृहस्वामी अवधेश पासवान ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ इस्लामपुर थाना मे प्राथमिकी दर्ज करवाया है। दर्ज प्राथमिकी पिड़ित व्यक्ति अवधेश पासवान ने आरोप लगाया कि इस्लामपुर मोहनचक गांव निवासी छोटे प्रसाद अपने समर्थकों के साथ हाथ मे कट्टा लेकर फायर करते हुए हमारे घर मे घुसकर परिवार के सभी सदस्यों को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी करते हुए हमारे पुतोह अन्तर देवी से गले से सोने का चैन और जितिया छीन लिया। और साथ ही घर मे रखे बर्तन कपड़ा अनाज भी लेकर चलते बने। साथ ही जख्मी व्यक्ति अवधेश पासवान ने बताया की घटना का कारण भूमी विवाद है। अवधेश पासवान ने बतलाया की हम हमारे घर एवं जमीन को कब्जा करने के उदेश्य से भूमी माफियाओं के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है की इन दिनों इसलामपुर प्रखंड मे भूमी माफियाओं का जबरदस्त आंतक बढ़ा हुआ है। इसलामपुर प्रखंड मे अंचलकर्मियों एवं भूमी माफियाओं के मिली भगत रहने के कारण रोजाना नए-नए भूमि से संबंधित विवादित एवं मारपीट के मामले नजर आ रहे हैं। एक ओर सरकार भूमि विवादित संबंधित मामले खत्म करने के लिए नए-नए नियम ला रहे हैं। लेकिन भूमि माफिया सरकारी पदाधिकारी से मिलकर सारे नियमों को ताक पर रखकर भूमि विवाद के मामले उत्पन्न करने में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने नालंदा जिला अधिकारी शशांक शुभंकर से वैसे भूमि विवाद उत्पन्न करने वाले भूमि माफियाओं के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की मांग की है।

### भाजपा नेताओं में झूठ बोलने और उनके सहयोगी दलों में जी-हजूरी करने की होड़: चित्तरंजन गगन

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि अभी भाजपा नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना ज्यादा झूठ बोल सकता है। वहीं उसके सहयोगी दलों के नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि कौन कितना अधिक जी-हजूरी कर सकता है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद के परिवर्तन पत्र और कोंग्रेस के न्याय पत्र में जिस जनहित के मुद्दों को प्रमुखता दी गई है वह उन्हें पच नहीं रहा है। जनता के बीच जाने का उनके पास अब कोई विकल्प हीं नहीं बचा है। इसलिए जनता का विश्वास और भरोसा खो चुकी भाजपा के नेता तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर लोगों को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा को अपने दस वर्षों की नाकारात्मक उपलब्धियों पर बोलने की हिम्मत नहीं हो रही है तो विपक्षी दलों के बारे में झूठे एवं आधारहीन तथ्यों के आधार पर लोगों को बरगलाने का प्रयासर्ं किया जा रहा है। वहीं उनके सहयोगी दल भी अपने अस्तित्व को भाजपा के हाथों गिरवी रख कर न केवल जी-हजूरी में लगे हुए हैं बल्कि वे भी झूठ पर झूठ बोलने के दौर में आगे आने की बेचैनी दिखा रहे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो चरणों में सम्पन्न हुए मतदान में बिहार के मतदाताओं ने जिस प्रकार भाजपा और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया है उससे उनकी तिलमिलाहट काफी बढ़ गई है जिसकी प्रतिक्रिया में वे अनाप-शनाप बोलने लगे हैं। और यही वजह है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बिहार में उनके शीर्ष सहयोगी भी तेजस्वी जी द्वारा उठाए गए सवालों का जबाब देने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। और अनर्गल बातों से लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दे रहे हैं।

# नमो-नीतीश के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग का हुआ उत्थान, दोनों का एकमात्र उद्देश्य विकास: राजीव रंजन

**पटना (संवाददाता)।** आज आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता को राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन एवं प्रदेश प्रवक्ता हिमराज एवं पैनलिस्ट पल्लवी पटेल एवं प्रतिभा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा है कि परिवारवादी दल चाहे दुष्प्रचार कर लें लेकिन नमो-नीतीश की जोड़ी के सामने उनका टिकना नामुमकिन है. पिछले दो चरणों के मतदान में जनता के रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि अब जनता विकास चाहती है, किसी परिवार की गुलामी करना नहीं है. इस चुनाव में विपक्षी दलों को जनता वोट की ऐसी चोट देगी कि उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा. एनडीए बिहार की सभी चालीसों सीटों को जीत कर एक नया इतिहास रचने वाला है.

उन्होंने कहा कि दरअसल नमो-नीतीश की जोड़ी ने देश और राज्य की जनता की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा किया है. उनके राज में समाज के तबके का उत्थान हुआ है. इसी का परिणाम है कि जहां पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जहां पूरे देश से 24.8ः लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आये हैं वहीं नीतीश सरकार के राज में 44.52 फीसदी की दर से बिहार के तकरीबन 3.77 करोड़ लोगों की गरीबी मिटी है।

जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों का एकमात्र उद्देश्य विकास है. उनके नेतृत्व में गरीबों के हित में कई तरह की योजनायें चलायी गयी हैं जिनसे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में बेहतरीन उन्नति हुई है. बिहार में साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है. वहीं केंद्र की आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, मुद्रा जैसी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं. इसी तरह बिहार




की जीविका योजना ने 1.31 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया है. आज घर-घर में शौचालय, पीने का पानी, बिजली, बैंक अकाउंट, गैस कनेक्शन जैसी सुविधाओं की पहुंच हो चुकी है. यह देश और राज्य की उन्नति को दशार्ता है.

उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस जैसे परिवारवादियों के राज बिहार का विकास जहां गर्त में पहुंच गया था वहीं आज नीतीश राज में बिहार की10.64 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है. इसी तरह नमो सरकार की नीतियों से देश आज दुनिया की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है. आज एनडीए सरकार के कारण ही बिहार के 80 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है. 1 करोड़ से ऊपर महिलाओं को रसोई के काले धुएं से मुक्ति मिल चुकी है. करोड़ों लोगों को जनधन खातो का लाभ मिल चुका है. बीपीएल कार्ड धारक करोड़ों लोगों के घरों में निशुल्क राशन मिल रहा है. वास्तव में नमो-नीतीश की जोड़ी और केंद्र-राज्य की डबल इंजन सरकार ने परिवारवादी दलों की कालिख को पोछने का काम करते हुए बिहार को अंधकार से प्रकाश की तरफ ला दिया है. हकीकत में विपक्ष को नमो-नीतीश के कामों से सीख लेनी चाहिए कि निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कैसे किये जाते हैं.

नीतीश जी वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के वक्त मात्र 12ः लड़कियां स्कूल जाया करती थी जो आज लगभग 98ः से अधिक गयी है । इसलिए हर क्लास में लड़के-लड़कियों की संख्या लगभग बराबर है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 1 से 12 तक के छात्राओं को पोशाक, छात्रवृति, ग्रेजुएशन करने पर 50000᾿- दी जा रही है. हर लड़की को ग्रेजुएशन तक 1 लाख रुपये मिलता है.

महिला उधमी योजना के तहत महिलाओं को 10 लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया। जिसमे 5 लाख का अनुदान तथा 5 लाख ऋणमुक्त ब्याज का प्रावधान 7 वर्षो के लिए महिलाओं के लिए किया गया।

जातीय जनगणना के अनुसार बिहार में लगभग 94 लाख परिवार गरीब है। जिसको आगे बढ़ाने एवं रोजगार शुरू करने हेतु प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपये देने का प्रावधान किया है. ताकि लोग अपना रोजगार शुरू करे और आर्थिक स्वावलम्बी बन सके।

# विपक्ष के पास जनता को बताने के लिए अपने काम नहीं है इसलिए झूठ और दुष्प्रचार का रास्ता चुनाः उमेश सिंह कुशवाहा

**पश्चिमी चंपारण।** मंगलवार को बिहार प्रदेश जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा पश्चिमी चंपारण से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार श्री संजय जयसवाल के नामांकन समारोह एवं खगड़िया से एनडीए समर्थित लोजपा (आर) उम्मीदवार राजेश वर्मा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों जगहों पर जनसभाओं को संबोधित किया और एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि समाज के शोषित, वंचित, गरीब एवं कमजोर तबकों का सर्वांगीण विकास एनडीए गठबंधन का सबसे प्रमुख चुनावी एजेंडा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि गरीब कल्याण के प्रति हमारी



सोच सिर्फ चुनावी भाषणों तक सीमित नहीं होती है। हमनें योजनाओं एवं नीतियों के माध्यम से इसको धरातल पर उतारने का भी काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते 18 वर्षो में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर कर गरीबों के जीवन को आसान बनाया है। समाज का प्रत्येक वर्ग नीतीश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुआ है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के पास नीति और नेतृत्व का अभाव है। विपक्षी गठबंधन में इतना अंतर्कलह है कि प्रधानमंत्री के उम्मीदवार को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बनी। राजद-कांग्रेस ने अपने शासन में एक भी ऐसा काम नहीं किया जिसे वो जनता को बता सके इसलिए उन्होंने जनसमर्थन हासिल करने के लिए झूठ और दुष्प्रचार का अनैतिक रास्ता चुना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए उम्मीदवारों की जीत सामाजिक न्याय और बिहार के उज्जवल भविष्य की जीत होगी। हमें एकजुट होकर अबकी बार 400 पार के नारे को सच करना है, पिछली बार बिहार में एक सीट की जो कसर रह गई थी, इस बार उसे भी दूर कर बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए की झोली में डालना है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जंगलराज स्थापित करने वालों पर बिहार की जनता दुबारा भरोसा नहीं करेगी। श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नया बिहार विकास की तरफ रुख कर चुका है।

# करंट हत्या कांड : फरार आरोपी के घर पर चले बुलडोजर- डॉ भीम सिंह

**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** मंगलवार को संवेदना व्यक्त करने पहुंचे बिहार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद डॉ भीम सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। विदित हो कि पिछले दिनों तारा बिगहा गांव में पिछले दिनों बिजली के करंट लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों कि मौत पर सांत्वना व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत अत्यंत दुखद घटना है तथा उन्होंने स्थानीय थानाध्यक्ष सत्यम तिवरी से फोन पर बात करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में शामिल आरोपी प्रमोद महतो व उसके पुत्र गुलशन कुमार को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए ,गिरफ्तारी नहीं होने के सूरत में उसके घर पर बुलडोजर चलवाया जाए ताकि मृतक के परिजनों को कानून व पुलिस प्रशासन पर भरोसा



हो ।वहीं इस कार्रवाई से आरोपी के दिलों में कानून व्यवस्था का भय पैदा हो और वह खुद को पुलिस के हवाले कर दे। वहीं मृतक की मां सिहंता देवी तथा मृतक पंकज की पत्नी सुधा देवी एवं मृतक मिथुन की पत्नी निशा कुमारी को चंद्रवंशी चेतना मंच की ओर से ?10000 रुपया डॉ भीम सिंह ने अपने हाथों से मृतक की मां के हाथ में देते कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी तथा विधवा को बाल बच्चा को पालना पोषण के लिए जीविकोपार्जन के लिए सरकार जो भी सहयोग होगा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर दिलवाया जाएगा । इस मौके पर चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष प्रसाद, चंद्रवंशी प्रदेश अध्यक्ष जीत चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री जेपी चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सिंह तथा भाजपा नेता मोहन सिंह ,विनोद सिंह ,उपेंद्र सिंह ,बबलू पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एक शिक्षक अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय बच्चों के बीच बिताते हैं: अब्दुल मन्नान

**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** मंगलवार को बीआरसी के आदर्श मध्य विद्यालय बादी में पदस्थापित शिक्षक अशोक पंडित अंजाना के सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने नम आंखों से विदाई दी।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजीव रंजन शर्मा ने अंग वस्त्र,भागवत गीता तथा छड़ी देकर विदाई किया।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए बीईओ अब्दुल मन्नान ने कहा कि एक शिक्षक अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय बच्चों के बीच बिताते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी तथा शिक्षक एक परिवार के तरह होते हैं और परिवार से बिछड़ने का गम तो सबको होता है ।सेवानिवृत्त होने पर लगता है कि




हमारा कोई अभिन्न अंग हमसे अलग हो गया है। इनके द्वारा किए गए कार्य पूर्ण सेवाकाल में बहुत सराहनीय रहा तथा इनका चौदह साल इस विद्यालय में कैसे गुजर गया पता नहीं चला।

इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना,सतिश कुमार,शिव नन्दन प्रसाद,नवीन गौतम,अरविंद कुमार,संजय कुमार वर्मा,राज श्री,शोभा कुमारी,प्रभा कुमारी,वीना सिन्हा, नीतू प्रीतम, अजय कुमार,अशोक भारती,धर्मेन्द्र कुमार,सुनील कुमार साहू,अमरजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# डंठल में आग लगाने वाले किसानों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**नगरनौसा(नालंदा)(नवशक्ति)।** खेती-किसानी के कार्यों में मशीन के उपयोग से किसानों का जीवन तो आसान हुआ है, लेकिन एक नई समस्या भी सामने आ गई है ।मशीन से कटाई कराने के बाद खेत में डंठल रह जाता है ।सामान्यतः किसान इसे जला देते हैं। इससे खेत के साथ ही पर्यावरण को काफी नुकसान होता है ।नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र में भी किसान खेतों में तैयार गेहूं फसल की कटाई के बाद खेत के सफाई के बहाने डंठल में आग लगा रहे हैं ।जिससे मनुष्य और मवेशी, मिट्टी और पर्यावरण सभी पर खराब असर पड़ रहा है ।गेहूं के डंठल और धान की पराली जलाने वाले किसानों पर सरकार सख्ती भी कर रही है ।साथ ही इस समस्या के सामाधान को लेकर काम भी चल रहा है। सरकार किसानों से फसल के अवशेष को अन्य कार्यों में उपयोग में लाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

फसल अवशेष जलाने का असर

फसल अवशेष को जलाने से मनुष्य और मवेशी, मिट्टी और पर्यावरण सभी पर खराब असर पड़ता है ।कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि कई तरह के जीवों के जीवन को नुकसान पहुंच रहा है ।इसमें कई ऐसे जीव हैं, जो खेती के लिए लाभकारी होते हैं ।फसल अवशेष जलाने से ग्रीन हाउस गैस निकलती है. इनसे धरती का तापमान बढ़ता है ।इसके प्रभाव से आने वाले समय में खेती ही नहीं, मनुष्य के जीवन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है ।इसके साथ ही आसपास खड़े मनुष्य को सांस लेने में समस्या, आंखों में जलन, नाक एवं गले में समस्या आती है।

खेतों की डंठल में आग लगाने का सिलसिला साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। सैकड़ों हादसे होने के बाद भी किसान सबक लेने को तैयार नहीं हैं,जबकि इससे जमीन की गुणवत्ता में गिरावट के साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है ।सरकार ने खेत में आग लगाने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है, लेकिन डंठल में आग लगाने में कमी नहीं आई ।गेहूं के बाद अन्य फसल के



बोआई करने की होड़ में किसान पर्यावरण और जीव जंतुओं से साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। किसान खेतों का कचरा नष्ट करने के लिए आग लगाना सरल उपाय समझता है। जिससे किसानों की खेतों में खड़ी फसल जल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोज कहीं न कहीं आग लग रही है। डंठल की आग से जहां खेतों में फैलती आग आसपास बने घरों तक पहुंच जाती है। खेत भी खेती की दृष्टि से बेअसर होते जा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह को किसान नहीं मान रहे हैं। जिसके कारण अधिकांश खेत गेहूं की फसल के बाद काले ही नजर आते हैं।

फसल काटने के लिए दो प्रकार का सहारा लिया जाता है। एक फसल काटने के लिए मजदूर आते हैं ।और दूसरा हार्वेस्टर का सहारा लिया जाता है। मजदूर फसल काटते हैं, उसमें कचरा कम हो पाता है। लेकिन हार्वेस्टर की कटाई से खेतों में फसल के डंठल खड़े रहते हैं। जिसे नरवाई कहा जाता है। इस नरवाई को हटाने के लिए किसानों को अधिक धन राशि खर्च करना पड़ती है। जबकि आग लगाने में उन्हें सिर्फ एक तीली का सहारा लेना पड़ता हैं। किसान के लिए आग लगाना सबसे सरल उपाय लगता है। प्रतिबंध के बाद भी इसमें कमी नहीं आई है ।

फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की सेहत पर बुरा असर पड़ता है ।जहां फसल अवशेष जलाए जाते है, वहां की मिट्टी काली पड़ जाती है और उसमें मौजूद पोषक तत्वों पर अधिक तापमान का असर देखने को मिलता है ।इससे अगली फसल के लिए जरूरी पोषक तत्वों की मात्रा मिट्टी में काफी कम हो जाती है, जिससे कुल उत्पादकता में कमी आ जाती है। देश का वैज्ञानिक समाज भी इन समस्याओं के समाधान के लिए जुटा है। फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के बारे में पता लगाने के लिए सेटेलाइट की मदद ली जा रही है ।किसानों को फसल अवशेष से खाद बनाने, आदि दूसरी चीजें बनाने लिए इसके उपयोग की सलाह भी दी जा रही है ।फसल काटने को लेकर हार्वेस्टर का उपयोग बढ़ा है। इससे खेतों में लम्बी डंठल की नरवाई रह जाने से किसान खेतों में आग लगा रहे हैं। जहां हाथों से फसल कटाई हो रही है, वहां नरवाई की समस्या नहीं है।

## संक्षिप्त खबर

### जीविका दीदीयों द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**जहानाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका तथा जीविका दीदीयों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। 218 मखदुमपुर विधान सभा क्षेत्र में मतदाताओं को वृहत पैमाने पर जीविका दीदीयों द्वारा जागरूक करने हेतु डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया तथा मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित कर अपने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखा गया तथा मतदान दिवस पर मतदाता प्रक्रिया में शामिल होने के लिए शपथ ग्रहण लिया गया साथ ही स्वीप गतिविधि के तहत 217 घोषी विधानसभा क्षेत्र के मोदनगंज प्रखंड में जीविका दीदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता प्रभातफेरी, डोर टू डोर अभियान तथा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।? साथ ही मतदाता जागरूकता मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जबकि 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के जहानाबाद सदर प्रखंड में जीविका दीदीयो द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

### यात्री से लूट की कोशिश करने वाला निकला पुलिसकर्मी



**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड के बेला स्टेशन पर यात्री से लूट की कोशिश और फायरिंग के मामले में जीआरपी पुलिस ने बिहार पुलिस के एक सिपाही को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार पुलिस का जवान सिंटू कुमार है। आरोपी रोहतास के डेहरी पुलिस लाइन में तैनात है। तीन थानों की पुलिस की मदद से पुलिस ने उसे मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मोगलबीघा गांव से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। दरअसल, जीआरपी थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मामले का मुख्य आरोपी अपनी मौसी के घर में छिपा हुआ है। इसके बाद जीआरपी थाने की पुलिस ने मखदुमपुर और उमता धरनई थाने की मदद से लूट की कोशिश और फायरिंग की घटना में शामिल मुख्य आरोपी को धर दबोचा। बताते चले कि 18 मार्च की अहले सुबह बेलागंज रेलवे स्टेशन पर पटना-सिंगरौली ट्रेन पकड़ने आए एक यात्री से उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की कोशिश की थी। इस कोशिश में विफल होने पर इन अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग भी की थी। इसके बाद जांच के दौरान टेहटा थाना क्षेत्र के सरेन गांव निवासी और रोहतास पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मी संटू कुमार की पहचान हुई।

# जर्जर सड़क की आठ वर्षो से नहीं हुई मरम्मत, भड़के दर्जनों गांव के ग्रामीण, वोट की चोट से लेंगे बदला

**नगरनौसा(नालंदा)(नवशक्ति)।** लोकसभा चुनाव का सरगर्मी अपने पूरे शबाब पर है ।संभावित प्रत्याशी मतदाताओं से सीधे मुखातिब हो रहे हैं। जहां चुनाव जीतने के बाद सभी समस्याओं के निस्तारण का वादा कर रहे हैं। वहीं मतदाता अब उनके आश्वासनों पर आते नहीं दिख रहे हैं ।ग्रामीण अपने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण न होने की दशा में चुनाव बहिष्कार का मन बना रहे हैं।

कुछ ऐसा ही मामला नगरनौसा प्रखंड के लच्छू बिगहा मोड़ पथ से लोहण्ड़ा पथ को देखने को मिल रहा है ।लच्छू बिगहा मोड़ पथ से लोहण्ड़ा पथ विगत आठ वर्षों से काफी जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढा बन गया है। इसकी वजह से रोजाना छोटी-मोटी दुर्घटना घटती रहती है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीण टिंकु पटेल,रजनीश कुमार, बैजू यादव,राहुल कुमार, अभिषेक कुमार ,धनञ्जय कुमार, सूरज कुमार ,मिरतुंजय कुमार, अजय सवा,प्रकाश कुमार,चंदन ठाकुर, अमन पटेल,ऋषि राज पटेल, रामाकांत पांडेय,रवि शंकर मांझी, अजित यादव,संतोष कुमार, शौकत अली खान आदि ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने के दो वर्ष बाद से ही उक्त सम्पर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील होना शुरू हो गया ।तब से ग्रामीण जीर्णोद्धार कराये जाने की मांग करते चले आ रहे हैं परन्तु इस गम्भीर समस्या की तरफ न तो अधिकारियों ने ही देखना मुनासिब समझा और न जनप्रतिनिधि ही ।हम दर्जनों गांव के ग्रामीण बैठकर यह निर्णय लिए हैं।

**ये गांव हो रहे प्रभावितः** लच्छू बिगहा मोड़-लोहण्डा पथ से बने सड़क में गढ्ढा होने से इस मार्ग से लगे



करीब अठारह गांव चौरासी, अकैड, सैदनपुर, रधुनाथपुर, साकरोदा, सकरपुरा, मुसहरी,प्रेमनगर, बारा बिगहा,भोभी,मदारपुर,दरियापुर,का छयाब, लोहड़ा, दहाबीघा, विसुनपुर, बाजीतपुर,खीरुबिगहा आदि गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग पर पिछले आठ वर्षों से गड्ढों की भरमार ने लोगों का काफी परेशान कर दिया है ।बार-बार शिकायत के बावजूद सुधार की कवायद नहीं किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। अधिकारियों को सूचित किए जाने बाद भी मार्ग का जायजा लेने भी कोई नहीं पहुंचा है ।सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के मौसम में होता हैं ।सड़क में गड्ढे होने के कारण बारिश के मौसम में जमा पानी सड़कों की गहराई का पता नहीं चल पाता है और वाहन चालक गड्ढा में फंस जाते हैं। बाइक चालक तो गड्ढे में फसने के बाद गिर जाते हैं जिससे वाहन चालक गंभीर रूप से जख्मी हो जाते हैं अगर किन्ही को किसी आवश्यक काम से बाहर जाना होता है ऐसी स्थिति में ऐसे बाइक चालक को फिर से कपड़ा बदल कर आना पड़ता। ऐसे स्थित में वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है ।यह पथ लगभग आठ किलोमीटर लम्बी हैं ।इस गांव के लोगों का यहीं एक मात्र सड़क हैं ।प्रखंड के अन्य गांव के लोग भी अनुमंडल जाने के लिए इस पथ का उपयोग करते हैं ।लेकिन अब सड़क खराब होने से लोगों को दूसरे रास्ते से अनुमंडल जाना होता है।

**गड्ढे में तब्दील हुए सड़कः** सड़क पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढा बन गया है ।इसकी वजह से रोजाना छोटी-मोटी दुर्घटना घटती रहती है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को अनुमंडल कार्यलय व प्रखंड कार्यालय को जोड़ती है। जिससे आसपास के दर्जनों गांव का अनुमंडल व प्रखंड मुख्यालय से सीधा संपर्क है। सड़क के जर्जर हो जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।कहा कि प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। अगर एक सप्ताह के अंदर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य को लेकर कोई पहल नहीं किया जाएगा तो वे लोग पहले की भांति इस बार सड़क को लेकर वोट का बहिष्कार करेंगे।

**हमने बहुत कुछ सहा, अब नहीं:** ग्रामीणों ने कहा कि बड़ा लंबा समय हो गया है। हमने बहुत कुछ सहा है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों का भविष्य बेहतर हो,स्थानीय लोगों की कठिनाइयों के बारे में बताते हुए आगे कहा ऐसे कई उदाहरण हैं जो जर्जर सड़क की हालात बयां करता है।

# पाक्षिक काव्य गोष्ठी में मतदाता जागरुकता काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जहानाबाद।** नागरिक विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित मे आज जिला प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पाक्षिक काव्य सम्मेलन मतदाता जागरूकता काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजक संतोष श्रीवास्तव, डा वीरेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षाविद राजकिशोर शर्मा, अजय कुमार बिलियिन्ट पब्लिक स्कूल, कवित्रिय एवम जिलाध्यक्ष शब्दाक्षर सावित्री सुमन, कलाकार अजय विश्वकर्मा , एससी /एसटी कर्मचारी संघ के सचिव रामजीवन पासवान ने संयुक्त रूप से किया। को-ऑपरेटिव बैक परिसर में मंच के सचिव संतोष श्रीवास्तव आवास पर आयोजित जहानाबाद पाक्षिक काव्य गोष्ठी में जुटे कवि शायरों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर कई




गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद डा वीरेन्द्र कुमार सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हम ने किया । मंच के सचिव संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया। इस पाक्षिक काव्य गोष्ठी में शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन, प्रसिद्व मगही कवि चितरंजन चैनपुरा, विश्वजीत अलबेला ,कलाकार अजय विश्वकर्मा,प्रधानाध्यापक जयप्रकाश जी, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र जी प्रस्तुति तथा विचार व्यक्त किया।

# चंपारण से उठी है फिर विजय क्रांति : सम्राट चौधरी

**बेतिया (संवाददाता)।** आज पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल जी के नामांकन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान वे एक रोड-शो में सम्मिलित हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चंपारण ही वह धरती है, जिसे गांधी जी अपनी कर्मस्थली बनाई। उन्होंने कहा कि यह वही भूमि है जिसे गांधी जी को महात्मा बना दिया। उन्होंने कहा कि चंपारण से एकबार फिर विजय क्रांति उठी है।

रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सड़क पर उमड़ी चंपारण की जनता के स्नेह-सम्मान को सहेजा है। चंपारण की यह भीड़ ने साफ संदेश दिया है कि यहां के लोगों की यही पुकार है कि फिर



एक बार मोदी सरकार।

उन्होंने लोगों से एनडीए प्रत्याशी के जीत की अपील करते हुए कहा कि यहां से एनडीए को जीत मिलती रहती है, लेकिन इस बार अविस्मरणीय और ऐतिहासिक विजय का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने विश्वास जताते हुए कहा कि चंपारण में राष्ट्रवाद और गरीब उत्थान का झंडा बुलंद रहेगा, क्योंकि चंपारण के लिए, देश के लिए नरेंद्र मोदी जी की सरकार आवश्यक है।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आज बिहार ही नहीं देश की जनता मोदी की गारंटी के साथ है। 10 साल में मोदी सरकार ने यह साबित किया है कि भाजपा जो कहती है वही करती है।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# भारत की तरफ आंख उठाकर देखने का साहस किसी के पास नहीं : गजेंद्र सिंह शेखावत

● भारत आर्थिक, सामरिक दृष्टि और तकनीकी रूप से ताकतवर हो रहा

● एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से विजय बनाने की अपील

**रांची।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय आदिवासी कल्याण सह केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन में शामिल हुए। इस अवसर पर साकची में आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले 10 साल से नरेंद्र मोदी की सरकार काम कर रही है। इससे पहले यूपीए की सरकार मनमोहन सिंह के नेतृत्व में काम कर रही थी। यूपीए की सरकार के समय दो ही समाचार अखबार और टेलीविजन में आया करते थे। एक घोटाले का और दूसरा बम धमाके का। घोटाले ल्के चलते देश के बैंकों की हालत खराब थी। कच्चा तेल खरीदने का पैसा नहीं था। हमारे मंदिरों पर धमाके होते थे। एक दिन जम्मू के भगवान रघुनाथ के मंदिर पर धमाका होता था, तो दूसरे दिन तमिलनाडु में देवी मंदिर पर धमाका होता था? कभी गुजरात के अक्षर मंदिर में आतंकवादी हमला होता था, तो जयपुर में हनुमान मंदिर पर हमला होता था। इसके अलावा देश की आर्थिक गतिविधि के जितने केंद्र थे, वहां धमाके होते थे। हालात इतने बिगड़े हुए थे कि घर से जो व्यक्ति बाहर निकलता था, उसकी मां या पत्नी भगवान से प्रार्थना करती थी कि वह शाम को सही सलामत लौट आए। देश की सीमाएं असुरक्षित थी। देश के जवानों की गर्दन काट कर पाकिस्तान ले जाते थे। देश में इतनी कमजोर सरकार थी कि प्रतिकार नहीं कर पाती थी। बाहर निकलकर सिर्फ संवेदना के दो शब्द बोलती थी। चीन लगातार हमारे सीमा पर अतिक्रमण कर रहा था, लेकिन भारत की सेना के हाथ बंधे हुए थे। उन्हें छूट नहीं थी। देश हर मोर्चे पर विफल हो रहा था। बाहर भारत के कमजोर देशों की पहचान बन गई थी।



उन्होंने कहा कि जनता ने 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया। नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान सबके लिए काम करने का संकल्प लिया। इसके जीवन को ऊपर उठाने का संकल्प लिया। भारत को शक्तिशाली देश बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। पिछले 10 साल में देश में करोड़ों गरीबों को घर मिला। गरीबों के घर तक गैस का चूल्हा पहुंचा। करोड़ घरों तक बिजली पहुंची। करोड़ों घर में शौचालय बनाए गए। 40 करोड लोगों के घर तक बैंक का खाता पहुंचा। 25 करोड़ लोग गरीब रेखा से बाहर आ गए। हमारी सीमाएं भी सुरक्षित हुई है। भारत की तरफ आंख उठाकर देखने का साहस किसी के पास नहीं है। नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद मात्र दो आतंकवादी घटना हुई। इसका भी दुश्मन के घर में घुसकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करारा जवाब दिया। पिछले 5 साल में एक भी बड़ी आतंकवादी घटना देश में नहीं हुई है। पहले देश में आतंकी घटना होती थी तो हम निंदा प्रस्ताव पास करते थे। यूएनओ में जाकर इसमें हस्तक्षेप की गुहार लगाते थे। आज पूरी दुनिया इस बात को मानती है कि यूक्रेन और रूस की युद्ध को कोई मिटा सकता है तो उस व्यक्ति का नाम नरेंद्र मोदी है। यूक्रेन और रूस के युद्ध में देश के 27 हजार छात्र फंस गए थे। उसे सही सलामत देश में लाया गया। तिरंगे को पड़कर पाकिस्तान के बच्चे भी वहां से वापस आए। एक तरफ गरीब के जीवन परिवर्तन आया, तो दूसरे तरफ देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बहुत निवेश हो रहा है। पिछले 1 साल में एक लाख करोड़ रुपए का आई फोन निर्यात किया गया है। आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल बनाने वाले देश बन गया है। भारत दुनिया का तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर। है भारत आर्थिक, सामरिक दृष्टि और तकनीकी रूप से ताकतवर हो रहा है। **सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बना है, रामराज्य की तरफ अग्रसर हैं : अर्जुन मुंडा** केंद्रीय आदिवासी कल्याण सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारों के साथ लंबी यात्रा पूरी करते हुए ऐसे राजनीतिक मुकाम पर पहुंची है, जिससे सभी लोग गद गद हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बना है रामराज्य की तरफ अग्रसर हैं। हमने विकसित, समृद्ध और मजबूत भारत मनाने का संकल्प लिया है। भारत विश्व का नेतृत्व करेगा, यह ताकत पैदा करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। आज यह स्थिति दिख रही है। विपक्ष जनता को इस्तेमाल कर सरकार बनाई, उसने कभी देश के विकास का काम नहीं किया। गरीब को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने का काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। जनजातीय विकास की कई योजनाओं पर तेजी से कम हो रहा है किसने के विकास का काम भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। विपक्ष संविधान को कपड़ा समझती है। झूठ की राजनीति करती है। वह दुष्प्रचार कर रही है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में आएगी तो संविधान बदल देगी। अब उसके चरित्र का पदार्फाश हो गया है। उन्होंने कहा कि भूत की तो लोकसभा जीतो इस संकल्प के साथ कार्यकर्ता काम में लग जाए। भारतीय जनता पार्टी अपने पुरुषार्थ के बल पर जमशेदपुर में कमल खिलाने का काम करेगी।

**400 पार में झारखंड की 14 सीटें भी शामिल होंगी :** विद्युत वरण महतो

प्रत्याशी विद्युत वरण महतो कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की चिंता की। गरीबों को हर महीने मुक्त राशन दे रहे हैं। जमशेदपुर से भी लाखों लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी मिला है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है। अंतिम व्यक्ति से विकास की शुरूआत की। इस बार 400 पार में झारखंड के सभी 14 सीट भी शामिल होंगे। यह कार्यकर्ता के बदौलत संभव होगा।

# गैस सिलेंडर के फटने से लगी आग, 15 झुग्गियां जलकर हुई खाक



**देहरादून।** देहरादून के गोविंदगढ़ क्षेत्र में कथित तौर पर रसोई गैस सिलेंडर के फट जाने पर आग लगने से 15 झुग्गियां जलकर खाक हो गयीं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि घटना सोमवार को हुई जहां क्षेत्र की एक झुग्गी में आग लगी और जल्द ही वह आसपास के झुग्गियों तक फैल गयी। उन्होंने बताया कि झुग्गियों में रहने वाले ज्यादातर मजदूर हैं और आग लगने की सूचना मिलते ही उन्हें तथा उनके परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला गया लेकिन झुग्गियों में रखा उनका सामान आग की भेंट चढ़ गया।

उन्होंने बताया कि अग्निशमन दलों तथा स्थानीय लोगों को आग बुझाने में करीब तीन घंटे लग गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर 30 झुग्गियां बसी हुई हैं जिनमें से 15 आग में पूरी तरह से जल गयीं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून की जिलाधिकारी को आग में अपना घर गंवाने वालो लोगों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सोनिका ने बताया कि गोविंदगढ़ क्षेत्र के निवासियों के लिए राशन के 40 पैकेट भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन अन्य प्रकार की सहायता भी पीड़ितों को उपलब्ध कराएगा।

# झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और अंतु तिर्की के बीच व्हाट्सएप चैट पर भाजपा ने किया बड़ा हमला

● झारखंड को लूटने में झारखंड सरकार और झामुमो दोनों शामिल

● मुख्यमंत्री जी स्पष्ट करें,जमीन दलालों का उनकी पार्टी एवं सरकार के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है- प्रतुल शाह देव

● हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है, अंजामें झारखंड क्या होगा?

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ जमीन दलालों के साथ है। प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की ,सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार लिया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। प्रतुल ने कहा की इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर पोस्टिंग और जमीन के फजीर्वाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।प्रतुल ने कहा जमीन लुट घोटाला अरबों रुपए का हो सकता है।झारखंड की ऐसी स्थिति हो गई है कि देखकर लगता है हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है,अंजामें झारखंड क्या होगा?

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच का व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरख धंधे में लिप्त था,वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूँटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था ।दलालों को यह भी पता था की फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई ।प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गई और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवम गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है?प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कराता था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के तर्ज पर एक 'ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा' भी खोल लेना चाहिए।





प्रतुल ने कहा कि जमीन के गोरख धंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी।प्रतुल ने कहा कि सुप्रिया भट्टाचार्य ने गलत बयानी कर-के हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव था जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपए बरामद गए थे। उस समय सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा था कि यह पैसा ईडी ने प्लांट किया है। बाद में हेमंत ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में स्पष्ट किया किया पैसा उन्हें पार्टी फंड से माता-पिता के इलाज के लिए मिला था।प्रतुल ने कहा कि अब आज सुप्रियो भट्टाचार्य को गलत बयानियों का दौर छोड़कर सच्चाई बतानी चाहिए।प्रतुल ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से जानना चाहा की उनकी सरकार,पार्टी और जमीन दलाल एवम ट्रांसफर पोस्टिंग के रैकेट में लगे लोगों के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है? आज की प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## गृह मंत्री का फेक वीडियो के मामले मे भाजपा ने अरगोड़ा थाना मे आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुँच कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का फेक वीडियो वायरल करने के आरोपी शैलेंद्र हाजरा एवं रूपेश रजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मौके पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की देश का गृह मंत्री का जिस तरह फेक वीडियो वायरल हो रहा है उसका वीडियो को पेन ड्राईव भी थाना मे दिया गया है। यह वीडियो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता का मामला है बल्कि यह वीडियो देश मे आशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। आरक्षण जैसे मुद्दे पर अमित शाह जी ने कभी नहीं कहा की इसको खतम कर देंगे, यह वीडियो न सिर्फ अमित शाह का व्यक्तिगत मानहानि है बल्कि यह देश के सामने गलत तथ्य रखने का प्रयास भी है। पीड़ित संजय महतो ने बताया की यह कांड से न सिर्फ अमित शाह जी की छवि धूमिल हुई है बल्कि पार्टी को भी छवि पर धक्का लगा है। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, संजय महतो, रोमित नारायण सिंह, पवन पासवान ।

## कई बड़े एनजीओ पर गिरी मोदी सरकार की गाज, गृह मंत्रालय ने एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने छह गैर-सरकारी संगठनों के विदेशी योगदान पंजीकरण अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद्द करने के साथ, ये एनजीओ अब विदेशी योगदान प्राप्त नहीं कर पाएंगे और न ही मौजूदा उपलब्ध धन का उपयोग कर पाएंगे। संगठनों (एनजीओ) पर कथित तौर पर एफसीआरए दिशानिदेर्शों का उल्लंघन करने का आरोप है। ईटी के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने दस्तावेजों की जांच के बाद एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि छह गैर सरकारी संगठनों दिल्ली डायोसीज ओवरसीज ग्रांट फंड, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी), सैमुअल फाउंडेशन चैरिटेबल इंडिया ट्रस्ट, डायोसेसन सोसाइटी चर्च ऑफ नॉर्थ, जीसस एंड मैरी दिल्ली एजुकेशनल सोसाइटी और हीमोफिलिया फेडरेशन को केंद्र की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इससे पहले अप्रैल के पहले सप्ताह में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए कम से कम पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द कर दिया था। जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस, वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे।

# कांग्रेस में दो पॉवर सेंटर नहीं बनने देगा गांधी परिवार

**लखनऊ।** अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस किसे उतारेगी, इस बारे में भले ही अभी किसी को कुछ नहीं समझ आ रहा हो, लेकिन इतना लगभग तय हो गया है कि वर्षो से सियासी पारी शुरू करने की उम्मीद लगाये बैठे वाड्रा परिवार (जिसमें प्रियंका वाड्रा गांधी भी शामिल हैं) की 2024 में भी सियासी इंट्री नहीं होने जा रही है। इसके पीछे की वजह कई हो सकती हैं, परंतु मुख्य तौर पर कहा यही जा रहा है कि गांधी परिवार कांग्रेस के भीतर दो पॉवर सेंटर नहीं बनने देना चाहता है। प्रियंका वाड्रा और राबर्ट वाड्रा में से किसी एक को भी लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया तो गांधी परिवार के हाथ से पार्टी चलाने का रिमोट वाड्रा परिवार के हाथ लग सकता है। इसी लिये अभी तक रायबरेली और अमेठी को लेकर संशय बरकरार है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि कांग्रेस प्रत्याशी नहीं घोषित कर-के मतदाताओं के बीच क्लाईमेक्स बढ़ा रही है।

बात यहीं तक सीमित नहीं है चर्चा इस बात की भी है कि राहुल गांधी अमेठी की जगह रायबरेली से भी चुनाव लड़ सकते है। इसकी वजह है राहुल गांधी का पिछले पांच वर्षो से अमेठी से दूरी बनाये रखना। यदि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो उनके ऊपर पिछले पांच वर्षों में अमेठी की अनदेखी करने का आरोप लगेगा, जिसका सामना करना उनके लिये आसान नहीं होगा। बीजेपी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी जो पिछले दस वर्षो से अमेठी में जमी हुई हैं, यहां तक की उन्होंने अमेठी में अपना घर भी बना लिया है। यहां राहुल चुनावी मैदान में उतरते हैं तो स्मृति से मुकाबला करना उनके लिये आसान नहीं होगा,जबकि रायबरेली से चुनाव लड़ने की दशा में उनके सामने यह समस्या नहीं आयेगी। खैर,जो भी फैसला लिया जाना है, वह गांधी परिवार ही लेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी कह चुके हैं कि अमेठी और रायबरेली के बारे में फैसला गांधी परिवार ही लेगा। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा ने नेतृत्व से आग्रह किया कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाद्रा को चुनाव लड़ना चाहिए।



गौरतलब है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बार रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया और वह राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं।

उन्होंने दो दशक तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि प्रियंका गांधी इस सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। अमेठी में पांचवें चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। यहां नामांकन की अंतिम तिथि 03 मई है।

सूत्र दावा कर रहे हैं कि राहुल गांधी रायबरेली या अमेठी कहीं से भी चुनाव लड़ने को तैयार हैं, जबकि प्रियंका वाड्रा गांधी को गांधी परिवार चुनाव मैदान में उतरने के पक्ष में नहीं हैं। गत दिनों यूपी इलेक्शन कमिटी की बैठक में रायबरेली और अमेठी की सीट के लिए प्रस्ताव पास किया गया था कि जनता चाहती है कि अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका चुनाव मैदान में उतरें। इस जनभावना के आधार पर उम्मीदवारी घोषित करने का अधिकार कमिटी ने सीईसी, गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दिया था। बता दें कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने अपने हिस्से में आई यूपी की 17 में से 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन अमेठी और रायबरेली पर शांति बनाए रखी। अब जबकि अमेठी और रायबरेली सीट के लिए नामांकन शुरू हो चुके हैं तो अब उम्मीदवारी पर फैसला ज्यादा दिनों के लिए टाला नहीं जा सकता। सूत्रों की मानें तो अमेठी और रायबरेली को लेकर बीते कुछ वक्त में अलग-अलग फॉम्युर्ला तैयार करके फैसला करवाने की कवायद की गई। पहले तो गैर गांधी परिवार से उम्मीदवारों को लेकर भी बात हुई, जिस पर पार्टी को यह फीडबैक मिला कि यह कांग्रेस के लिए अच्छा कदम नहीं होगा। लिहाजा गांधी परिवार से ही या उनके परिवार के बेहद करीबी को लेकर फॉम्युर्ला तैयार हुआ। कुछ नामों को स्टैंडबाई में रखा गया है। इन्हीं तमाम विकल्पों में यह भी विचार किया गया था कि प्रियंका को अमेठी जबकि राहुल को रायबरेली से चुनाव लड़वाया जाए। लेकिन सूत्र कहते हैं कि राहुल इस पर सहमत नहीं हैं।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में योजनाओं में कट मनी नहीं लगती, पूरा पैसा खाते में आता है : भजन लाल शर्मा

● विपक्ष भगवान राम को काल्पनिक बताता है

● कश्मीर में धारा 370 हटाने पर एक कंकड़ भी नहीं चला

● धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील

**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।



उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था?। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवाकर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम 1 भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री ?100 डालते हैं, तो खाते में पूरे पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मन निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थी। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थी। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहने खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आई। 6 लेन की सड़के बना रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़कर पांच गुनी हो गई है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखते थे। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है। श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जाएगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया?। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है।

इस गर्मी और विपक्ष के चुनौती को भी स्वीकार करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई।आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं।